नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# ‘कांटा लगा’ फेम शेफाली जरीवाला का निधन, जानिए कहां से की थी पढ़ाई और किस फील्ड मे किया था मास्टर्स।

Publisher

Published on 28 Jun 2025



## पढ़ाई मे भी थीं टॉपर, IT मे की थी मास्टर्स डिग्री।

**कार्डियक अरेस्ट से हुआ निधन**

‘**कांटा लगा**’ गाने से मशहूर हुईं **अभिनेत्री शेफाली जरीवाला** का शुक्रवार देर रात **निधन** हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें देर रात सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उनके पति ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें **कार्डियक अरेस्ट (हृदय गति रुकना)** के बाद मृत घोषित कर दिया।

**कहां से की थी पढ़ाई-लिखाई ?**

१. **ग्लैमर वर्ल्ड मे नाम कमाने के बावजूद शेफाली जरीवाला की शिक्षा भी बेहद प्रभावशाली रही है।**

२. **उन्होंने सेट जोसेफ कॉन्वेट स्कूल, कालीम्पोंग से स्कूली पढ़ाई की थी।**

३. **इसके बाद, उन्होंने सरदार पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सूचना प्रौद्योगिकी (Information Technology) मे मास्टर्स डिग्री प्राप्त की।**

४. **कई लोगों को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि जिस चेहरा उन्होंने म्यूजिक वीडियो मे देखा, वह एक टेक्निकल एजुकेशन मे पोस्टग्रेजुएट भी थीं।**

**कब और कैसे मिली ‘कांटा लगा’ मे एंट्री ?**

**शेफाली जरीवाला** का जन्म **24 नवंबर 1982** को हुआ था। साल **2002** में जब वह अपनी मास्टर्स की पढ़ाई कर रही थीं, तभी उन्हें ‘**कांटा लगा**’ म्यूजिक वीडियो में काम करने का मौका मिला। यह वीडियो एक धमाका साबित हुआ और उन्हें रातों-रात शोहरत

मिल गई।

**कैसा रहा करियर ग्राफ ?**

१. '**कांटा लगा**' **के बाद शेफाली ने कुछ और म्यूजिक वीडियो, रियलिटी शोज और टीवी प्रोजेक्ट्स मे कांम किया**।
२. **हालांकि, उन्हे दोबारा वैसी लोकप्रियता नहीं मिली जैसी उन्हे 'कांटा लगा' से मिली थी**।
३. **वह बिग बॉस 13 मे भी नज़र आई थीं और अपने बेबाक अंदाज़ के लिए जानी गईं**।

शेफाली जरीवाला सिर्फ एक ग्लैमरस चेहरा नहीं थीं, बल्कि **एक शिक्षित** और **आत्मनिर्भर महिला** थीं जिन्होंने **ग्लैमर** और **पढ़ाई** दोनों में संतुलन बनाए रखा। उनके **अचानक निधन** से मनोरंजन जगत और उनके फैन्स को गहरा सदमा लगा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.